राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /2023/L/ 2023

दिनांकः– 17 जुलाई, 2023

विज्ञप्ति

समन्वयक, शोध एवं विकास समिति तथा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 15.07.2023 के अनुपालन में शिक्षा शास्त्र विषय में छूट प्राप्त श्रेणी में 01 सीट पर काउन्सलिंग दिनांक 17.07.2023 को तथा काउन्सलिंग शुल्क रू0 500/– विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से जमा करने हेतु आदेशित किया जाता है।

उक्त कांउसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अभिलेखों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है:–

01. शोध प्रवेश परीक्षा आवेदन–पत्र एवं प्रवेश–पत्र की छायाप्रति के साथ शैक्षिक प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ (अंकपत्र तथा प्रमाण–पत्र सहित)।
02. आरक्षण श्रेणी के प्रमाण पत्र–अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति/ आर्थिक रूप से निर्बल (ई0डब्ल्यू0एस), शारीरिक रूप से अशक्त, स्वतंत्रता सैनानी, आश्रित होने का प्रमाण–पत्र, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक हैं तो आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि तक सेवा में स्थायी होने का प्रमाण–पत्र।
03. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा जारी अध्येतावृत्ति (जे0आर0एफ0) प्रमाण पत्र।
04. काउन्सलिंग शुल्क रू0 500/– जमा करने की रसीद।
05. समस्त अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग के समय मूल पत्राजात (अंक पत्र, प्रमाण–पत्र आदि सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य है।)
06. समस्त अभ्यर्थी काउन्सलिंग के समय उक्त अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।
07. काउन्सलिंग के समय समस्त अभ्यर्थी पासपोर्ट साइज के 04 नवीन फोटो लाना अनिवार्य है।

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. समन्वयक, शोध प्रवेश परीक्षा, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
04. प्राचार्य, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़।
05. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
06. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।
07. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव